कोटद्वार, गुरूवार
12 दिसम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 216 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### परीक्षा देने जा रहे छात्र की बाइक डंपर से टकराई, मौत

चम्पावत। चम्पावत में बुधवार को परीक्षा देने कॉलेज जा रहे छात्र की बाइक की सामने से आ रहे डंपर से टक्कर हो गई। हादसे में 20 वर्षीय छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत परिजनों में कोहराम मचा है। कोतवाली के एसआई ललित पांडेय ने बताया कि बुधवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे तल्लीहाट, चम्पावत निवासी 20 वर्षीय निखिल राय पुत्र प्रयाग राय बाइक संख्या यूके 03 ए 9453 से पीजी कॉलेज में परीक्षा देने जा रहा था। कोतवाली से करीब पांच सौ मीटर आगे फुलारागांव के पास उसकी बाइक सामने से आ रहे डंपर संख्या यूके 03 सीए 2299 से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में निखिल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के डॉ. प्रदीप बिष्ट ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही निखिल की मौत हो गई थी। हादसे की खबर सुनते ही जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बाद में मृतक का स्थानीय शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### पुरोला में गुलदार दिखने से लोगों में दहशत

उत्तरकाशी। पुरोला के वार्ड संख्या एक खलाड़ी पुल के पास बुधवार सुबह सात बजे गुलदार दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर सूचना देकर वन कर्मियों की गस्त बढ़ाने की मांग की है। नगर पालिका क्षेत्र निवासी बृजमोहन चौहान, रमेश नौटियाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार सुबह सात बजे वह अपने साथियों के साथ जा रहे थे, तभी वार्ड नंबर एक में गांव से महज 300 सौ मीटर दूरी पर पुरोला–करडा मोटर मार्ग के पुल पर गुनदार लेटा था, जो लोगों की आवाजाही की भनक से जंगल की ओर भाग गया। बस्ती के नजदीक इस तरह गुलदार की दस्तक से लोगों में दहशत व्याप्त है। लोगों ने कहा कि इसी पुल से होकर सुबह स्कूल के छात्र–छात्राओं का आवागमन होता है। वहीं खलाड़ी, करडा, चपटाड़ी, पुजेली, नेत्री आदि गांवों से आवाजाही का यह मुख्य रास्ता है। उन्होंने बताया कि गुलदार की अंतिम लोकेशन पुरोला गांव के पास जंगल में दणमाणा गांव के पास देखी गई है। वहीं दूसरी ओर वन क्षेत्राधिकारी बुद्धि प्रकाश ने बताया कि नगर पालिका के वार्ड नंबर एक में पुरोला गांव के नजदीक पुल पर गुलदार की मौजूदगी की सूचना मिलने पर वन कर्मियों की टीम को गस्त के लिए भेज दिया गया है।

### साफ्टवेयर डेवलप करने नाम पर 1.66 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

देहरादून। डालनवाला थाना पुलिस ने सॉफ्टवेयर डेवलप करने के नाम पर 1.66 लाख रुपये ठगी के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित की तरफ से दिए साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। हिन्दवी टेकइंफ्रा के निदेशक हिंद प्रताप सिंह निवासी सर्कुलर रोड की तहरीर पर डालनवाला थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि उनकी कंपनी ने सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए भुवनेश्वर स्थित कंपनी से अनुबंध किया। आरोप है कि अनुबंध करने वाली कंपनी के निदेशक आशुतोष महापात्र और इतिश्री साहू ने अपने कर्मचारी अभिलाश जेना के माध्यम से प्रोजेक्ट के लिए 1.15 लाख रुपये में अनुबंध किया। पीड़ित ने अपनी कंपनी से 36,799 रुपये का एडवांस भुगतान कर दिया। बाद में कंपनी ने 50,000 रुपये अधिक भुगतान करवाकर कुल 1.66 लाख रुपये वसूल लिए गए। आरोपियों ने प्रोजेक्ट को पूरा बताकर उसे पीड़ित को ट्रांसफर करने का वादा किया।

### कैबिनेट–सहकारिता चुनाव में मतदान का मिला अधिकार

देहरादून। उत्तराखंड राज्य सहकारी समिति निर्वाचन (संशोधन) नियमावली, 2024 को भी कैबिनेट ने गुरुवार को मंजूरी दी। इस संशोधन के बाद अब सहकारी समितियों में नए नए सदस्य बनने वालों को भी मतदान का अधिकार मिल गया है। सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर ने बताया कि उत्तराखंड राज्य सहकारी समितियों में महिलाओं की सशक्त भागेदारी सुनिश्चित किए जाने को 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई। महिला वोटरों की संख्या बढ़ाई गई। मौजूदा व्यवस्था में नियम है कि सहकारी समितियों, प्रबंध समितियों समेत उच्च स्तर पर शीर्ष सहकारी संस्थाओं के चुनाव में मतदान का अधिकार उन्हें ही मिलता है,

## उत्तराखंड सरकार का बड़ा फैसला

# अब पांच लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों को मिलेगी अपनी छत

देहरादून। सबको आवास उपलब्ध कराने की केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप उत्तराखंड में भी धामी सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसी कड़ी में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य की नई आवास नीति को मंजूरी दे दी गई।सरकार ने इसके तहत कमजोर आय वर्ग को आवास उपलब्ध कराने के दृष्टिगत लाभार्थी की वार्षिक आय सीमा को तीन से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। पहली बार निम्न और निम्न मध्यम वर्ग के साथ ही सामान्य वर्ग के लिए भी वार्षिक आय सीमा निर्धारित की गई है। आवास नीति में पहली बार पर्वतीय क्षेत्र बाखली शैली की आवासीय परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।



**लाभार्थियों को 5.25 लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा**

बाखली शैली की आवासीय परियोजना में लाभार्थियों को 5.25 लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा, जबकि अन्य आवासीय परियोजनाओं में केंद्र व राज्य का यह अनुदान मिलाकर चार लाख रुपये होगा। यही नहीं, सरकार ने आवासीय परियोजनाओं के विकासकर्ताओं को भी भू उपयोग परिवर्तन समेत अन्य शुल्क में छूट दी है। साथ ही शहरों के कोर जोन में दबाव कम करने के दृष्टिगत बाहरी क्षेत्रों में आवासीय परियोजनाओं पर जोर दिया है। पर्वतीय क्षेत्र में न्यूनतम दो और मैदानी क्षेत्र में 10 हेक्टेयर में भी आवासीय परियोजनाएं आकार ले सकेंगी। कैबिनेट ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य में उत्तराखंड ट्रांसजेंटर पर्सन्स कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी दी है। इस बोर्ड के माध्यम से ट्रांसजेंडर के अधिकारों को सुरक्षित रखने और इनकी समस्याओं के निराकरण को प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में 22 विषयों पर चर्चा के बाद स्वीकृति दी गई।

बैठक के बाद सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी मीडिया से साझा की। उन्होंने बताया कि आवास विभाग की ओर से रखे गए नई आवास नीति के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसमें लाभार्थियों व परियोजनाओं का वर्गीकरण करने के साथ ही किफायती आवास प्रोजेक्ट के अंतर्गत चार माडल तय किए गए हैं। विकासकर्ता के चयन को पात्रता, समयरेखा व अनुमोदन, लाभार्थियों व विकासकर्ता को प्रोत्साहन, ग्राउंड फ्लोर सहित तीन व इससे अधिक मंजिला आवासीय परियोजना में लिप्ट की अनिवार्यता जैसे बिंदुओं को नीति में समाहित किया गया है। पहाड़ी क्षेत्रों और परिधीय क्षेत्र में प्रोत्साहन को प्राथमिकता दी गई है।

### दिल्ली में बर्फीली हवाओं से ठिठुरे लोग, 5 डिग्री से नीचे रहा तापमान

नईदिल्ली,हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और उत्तराखंड से बहकर आ रही बर्फीली हवाओं से दिल्ली के लोग ठिठुर गए। पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों के तापमान पर असर पड़ा है।दिल्ली के सफदरजंग में बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री कम 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम की सबसे सर्द सुबह रिकॉर्ड की गई।दिल्ली में ठंड का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि हिमाचल प्रदेश में शिमला का तापमान 3 डिग्री के आसपास है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ों से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवा आ रही है, जिससे मैदानों में सर्दी बढ़ी है। इससे धूप में ठंड का अहसास हो रहा है।दिल्ली में आने वाले दिनों में शीतलहर की संभावना है क्योंकि तापमान 4 डिग्री से नीचे आने पर शीतलहर की घोषणा की जाती है।दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा में भी गलन बढ़ी है। पंजाब में ठंड को लेकर अलर्ट जारी है। उत्तर भारत में सर्दी के बीच दक्षिण भारत में बारिश की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश में 16 दिसंबर तक बारिश की संभावना जताई है।

# लोकसभा - राज्यसभा दोनों सदनों में हुआ जमकर हंगामा

### पीएम मोदी से मिले किरेन रिजिजू



नई दिल्ली,संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को 12वां दिन था, लेकिन हर दिन लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में काफी हंगामा होता है. हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाती है. आज भी संसद परिसर में विपक्षी दलों के सांसद प्रदर्शन कर रहे हैं. कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी इस प्रदर्शन में मौजूद हैं. वहीं, मंगलवार को कांग्रेस और तमाम विपक्षी दल प्रदर्शन के समय अपने साथ एक काला बैग लेकर आए थे, जिसमें लिखा था मोदी–अडाणी भाई–भाई. राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर माहौल गर्म है. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस संबंध में पीएम मोदी से मुलाकात करने पहुंचे और इसकी जानकारी दे रहे हैं. वहीं, राज्यसभा में सदने के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष को जमकर घेरा. राज्यसभा में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे सदस्य (सांसद) सोनिया गांधी और सोरोस के बीच संबंधों का मुद्दा उठाते रहे हैं. यह देश की संप्रभुता का सवाल है. सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना देश की संप्रभुता के मुद्दे से देश का ध्यान भटकाने की साजिश है. इसकी सभी को निंदा करनी चाहिए. उन्होंने कभी भी सभापति का सम्मान नहीं किया. हंगामे को देखते हुए राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार 12 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई. भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष मुझे बोलने नहीं दे रहा है. यह चौथा दिन है जब मेरा शून्यकाल बर्बाद हुआ है. वे मेरी आवाज दबा रहे हैं. मैंने विपक्ष को इतना नीचे गिरते हुए कभी नहीं देखा. विपक्ष के गुलाब बांटे जाने पर उन्होंने कहा कि क्या यह नाटक नहीं है जो वे यहां कर रहे हैं? ये बचकाना तरीका है. राजीव गांधी और सोनिया गांधी भी विपक्ष के नेता रहे हैं, लेकिन क्या उन्हें कभी इस तरह के वीडियो बनाते देखा गया? ये बच्चे हैं. संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए कहा कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्षियों ने सभापति की गरिमा गिराई है. ऐसा सभापति मिलना बहुत मुश्किल है. उन्होंने कहा कि विपक्ष राज्यसभा के सभापति का सम्मान नहीं करता है. रिजिजू ने आगे कहा कि सोरोस और कांग्रेस के बीच क्या संबंध है? इसका खुलासा होना चाहिए. कांग्रेस को देश से माफ़ी मांगनी चाहिए. वहीं, हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है.

# मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रैन बसेरे का किया औचक निरीक्षण

**मुख्यमंत्री धामी ने आई.एस.बी.टी, देहरादून में बेसहारा एवं बेघर लोगों, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल बांटे**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देर शाम आई.एस.बी.टी, देहरादून में बेसहारा एवं बेघर लोगों, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरित किए। मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्ट नगर आईएसबीटी स्थित रैन बसेरे का भी औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने रैन बसेरे में रह रहे लोगों का कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने आई.एस.बी.टी में कंबल वितरण के दौरान सभी का कुशलक्षेम जाना एंव प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कंबल, गर्म कपड़े वितरण के साथ ही सर्दी से बचाव के लिए अलाव जलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आईएसबीटी में यात्रियों के लिए भी ठंड से बचाव हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रैन बसेरे के औचक निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां रह रहे श्रमिकों के साथ अलाव भी सेखा। उन्होंने अधिकारियों को रैन बसेरों में पर्याप्त सुविधाओं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा रैन बसेरे पर्याप्त मात्रा में बिस्तर हो। उन्होंने कहा शहर में सड़को किनारे रह रहे लोगों, आवासहीन लोगों और परिवारों को भी रैन बसेरे में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने कहा खासकर बच्चों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और बीमार लोगों को तत्काल रैन बसेरा की सुविधा दी जाए। उन्होंने रैन बसेरे में आवश्यकता अनुसार भोजन की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सभी जरूरतमंद लोगों को तय समय के अंदर कंबल वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा राज्य



सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य में कोई भी व्यक्ति सर्दी की चपेट में ना आए। उन्होंने कहा हमने जन सेवा के भाव से इस पूरे शीतकाल में बेसहारा लोगों की हर संभव सहायता करनी है। मुख्यमंत्री ने शहर में विभिन्न प्रमुख स्थानों में भी विशेष रूप से अलाव जलाने के भी निर्देश दिए।


### ठंड बढ़ते ही बढ़ी बिजली की डिमांड, शुरू हुई बिजली की आंखमिचौनी

विकासनगर। ठंड बढ़ते ही बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। डिमांड बढ़ने और लोड ज्यादा होने के कारण बिजली की आंखमिचौनी भी शुरू हो गई है। विकासनगर के साथ ही आसपास के क्षेत्रों और चकराता में सुबह और शाम को बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों को पेयजल किल्लत के साथ ही गर्म पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। रविवार और सोमवार को चकराता क्षेत्र में जमकर बर्फबारी हुई थी। इसके कारण इस समय शीतलहर चल रही है। ठंड बढ़ते ही लोगों के हीटर, ब्लोअर, रॉड, गीजर शुरू हो चुके हैं। चकराता क्षेत्र में तो पीक ऑवर घोषित कर दिया गया है। ऊर्जा निगम के अधिकारियों की माने तो अभी औसतन 23 एमयू की डिमांड थी। लेकिन ठंड बढ़ने के बाद यह बढ़कर 27 एमयू हो चुकी है। डिमांड बढ़ते ही बिजली की आंखमिचौनी भी शुरू हो गई है। विकासनगर क्षेत्र में रोज सुबह और शाम तथा रात को बिजली गुल हो जा रही है। बिजली गुल होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# छोटे देश के छोटे लोग हिंदुओं को डरा रहे : बाबा रामदेव

हरिद्वार। योगगुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि हिंदू, हिंदुत्व और सनातन के प्रति करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास है। इसके बावजूद एक छोटे देश में कुछ छोटे लोग जिनका कोई वजूद नहीं है, हिंदुओं को डरा रहे हैं। हिंदुओं के साथ जुर्म और ज्यादती कर रहे हैं। हिंदुओं की आस्था और मंदिरों पर प्रहार कर रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि एक सौ करोड़ हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले लोग बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ खड़े हैं। अगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, क्रूरता और ज्यादती बंद नहीं हुई तो इसका परिणाम बहुत बुरा होगा।

यह बातें योगगुरु ने जन आक्रोश रैली के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं, माताओं, बहनों, बच्चों के साथ अत्याचार के साथ मंदिरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कहा कि सरकार समेत सभी लोगों को पीड़ितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। चंद मुट्ठी भर लोगों से किसी भी तरह से डरना नहीं चाहिए। संत समाज, आरएसएस, विहिप और इस देश के सभी राष्ट्रवादी लोग, हिंदूवादी लोग और



सनातनी बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ है। बांग्लादेश के हिंदुओं को अल्पसंख्यक मान कर क्रूरता नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के पीएम को हम लोग समझदार आदमी मानते थे। लेकिन पीएम आतंकवादियों से डरे हुए हैं। पीएम के सामने अमानवीय कृत्य हो रहा है। इससे लगता है कि वहां के पीएम अपने चरित्र से गिर गए हैं। कहा कि बांग्लादेश के कुछ जाहिल लोग हैं। जिनका इस्लाम, कुरान और मुसलमान से कुछ लेना देना नहीं है। वह लोग अपने खुद के मंसूबों की पूर्ति के लिए हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे हैं।

# हंदवाड़ा—बारामूला हाईवे पर बैग में मिला संदिग्ध आईईडी, सुरक्षाबलों ने किया नष्ट

जम्मू,जम्मू–कश्मीर के हंदवाड़ा–बारामूला हाईवे पर सुरक्षाबलों ने बुधवार को एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों ने एक संदिग्ध बैग में संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना के एक संयुक्त गश्ती दल ने कुपवाड़ा जिले में हंदवाड़ा इलाके के लंगेट में पेट्रोलिंग के दौरान हाईवे किनारे एक संदिग्ध बैग देखा। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है।

बम निरोधक दस्ते ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बैग को एक सुनसान जगह पर ले जाकर नियंत्रित विस्फोट के जरिए उसे नष्ट कर दिया। सुरक्षाबलों की सतर्कता से एक बड़ी घटना टल गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध बैग की सूचना मिलते ही हाईवे पर ट्रैफिक दोनों तरफ से रोक दिया गया था। ऑपरेशन पूरा होने के बाद हाईवे पर ट्रैफिक बहाल कर दिया गया। हालांकि,



किसी तरह का जान–माल का नुकसान नहीं हुआ है।

सुरक्षाबलों ने जांच शुरू कर दी है कि इस तरह की हरकत के पीछे किसका हाथ है। बता दें कि इससे पहले नौ दिसंबर को जम्मू–कश्मीर में श्रीनगर–बारामूला हाईवे पर सुरक्षाबलों ने एक आईईडी का पता लगाया था। जानकारी मिलने पर बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आईईडी को निष्क्रिय कर दिया था, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई थी। हालांकि, इस दौरान हाईवे पर ट्रैफिक रोक दिया गया था और ऑपरेशन पूरा होने के बाद बहाल कर दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, जम्मू–कश्मीर में सड़कों, गलियों और राजमार्गों पर सुरक्षाबलों और सेना के काफिलों को निशाना बनाने के लिए आतंकवादी रिमोट ट्रिगर या प्रेशर आईईडी का इस्तेमाल करते रहे हैं। इन विस्फोटक उपकरणों का इस्तेमाल आतंकवादियों ने जम्मू–कश्मीर में वीआईपी काफिलों को निशाना बनाने के लिए भी किया है।

### जम्मू कश्मीर के 44 जायरीन समेत सीरिया से 75 नागरिकों को भारत ने सुरक्षित निकाला

नई दिल्ली, भारत ने बुधवार को सीरिया से 75 भारतीय नागरिकों को निकाला .इनमें जम्मू–कश्मीर के 44 जायरीन भी शामिल थे. विदेश मंत्रालय ने बताया कि सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से लेबनान पहुंच गए हैं और वाणिज्यिक उड़ानों से भारत लौटने वाले हैं.

मंत्रालय ने बताया कि दमिश्क और बेरूत में भारतीय दूतावासों द्वारा समन्वित निकासी सुरक्षा स्थिति के आकलन और सीरिया में भारतीय नागरिकों के अनुरोधों के बाद की गई. निकाले गए लोगों में जम्मू–कश्मीर के 44 जायरीन (तीर्थयात्री) भी शामिल थे, जो शिया मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल सैय्यदा जैनब में फंसे हुए थे. ज्यादातर जायरीन इस स्थल पर बीमारियों से निजात पाने के लिए दुआ करने आते हैं. मंत्रालय ने सीरिया में अभी भी मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे दमिश्क में भारतीय दूतावास के इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर +963 993385973 (वॉट्सऐप पर भी) और ईमेल आईडी पर संपर्क में रहें. यह देखते हुए कि भारत सरकार विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, मंत्रालय ने कहा, सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रखेगी.

# दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

**• केजरीवाल ने गठबंधन की संभावना को नकारा**


नई दिल्ली,दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की सुगबुगाहट एक बार फिर तेज हो गई थी. दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप–कांग्रेस के गठबंधन को लेकर बन रही तस्वीर पर अरविंद केजरीवाल ने अपना रुख साफ कर दिया है. उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी अपने दम पर अकेले ही चुनाव लड़ेगी.अरविंद केजरीवाल ने एक्स हैंडल पर लिखा–आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है.इससे पहले मंगलवार को शरद पंवार के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की एक बैठक हुई थी. जिसके बाद ये कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस– आप के



बीच गठबंधन हो सकता है लेकिन आज अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर अपना स्टैंड क्लीयर कर दिया है कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप अकेले ही चुनाव लड़ेगी. कांग्रेस के साथ गठबंधन की कोई संभावना नहीं है. मंगलवार को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन की सुगबुगाहट शुरू हुई थी. सूत्रों के हवाले से खबरें आईं कि दिल्ली में कांग्रेस– आप साथ आ सकते हैं. इसके बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के नेता शरद पवार के घर पहुंचे. जिसके बाद गठबंधन की खबरों ने और जोर पकड़ लिया. आज सुबह एक बार फिर ये कयास लगाए जाने लगे कि कांग्रेस–आप, दिल्ली के रण में बीजेपी को मात देने के लिए एक दूजे का हाथ थामने वाले हैं. लेकिन अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर दो टूक लिखा और कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन का कोई चांस नहीं है. आप को बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी अब तक उम्मीदवारों की दो लिस्ट जारी कर चुकी है. पहली लिस्ट में पार्टी 11 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया था. वहीं, दूसरी लिस्ट में सोमवार को 20 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए. आम आदमी पार्टी दिल्ली में जोर शोर से प्रचार में जुटी हुई है.

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ट्रांसजेंडर शिक्षिका का मामला, स्कूल पर लगाए ये गंभीर आरोप

नईदिल्ली,एक ट्रांसजेंडर स्कूल टीचर का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. जिसमें टीचर ने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. दरअसल, एक ट्रांसजेंडर शिक्षिका की पहचान का पता चलने के बाद स्कूल प्रबंधन ने उसे स्कूल से निकाल दिया. उसके बाद वह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई. ट्रांसजेंडर शिक्षिका ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका में कहा था कि गुजरात और उत्तर प्रदेश के अलग–अलग निजी स्कूलों ने लैंगिक पहचान उजागर होने के बाद उसकी सेवाएं समाप्त कर दी. इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया और जवाब मांगा. मामले की सुनवाई के बाद



सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया.सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद दोनों पक्षों की दलीलें सुनी. उसके बाद ट्रांसजेंडर शिक्षिका के मामले के फैसलो को सुरक्षित रख लिया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये मामला बेहद महत्वपूर्ण है, इसे हम जल्द तय करेंगे.

बता दें कि एक ट्रांसजेंडर शिक्षिका ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. जिसमें उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया था कि गुजरात और उत्तर प्रदेश के अलग–अलग निजी स्कूलों ने उनकी लैंगिक पहचान का पता चलने के बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया. ट्रांसजेंडर शिक्षिका ने याचिका में यह भी कहा कि स्कूलों ने उन्हें निकालने के पीछे कारण बताया था कि वह समय की पाबंद नहीं हैं. जबकि याचिकाकर्ता की वकील ने इसे सामाजिक कलंक से जोड़ते हुए तर्क दिया कि ट्रांसजेंडर शिक्षिका को स्कूलों में उसकी लैंगिक पहचान के आधार पर तिरस्कार और भेदभाव का सामना करना पड़ा. वहीं याचिकाकर्ता शिक्षिका के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि, यह एक गंभीर मामला है, जो दिखाता है कि कैसे एक ट्रांसजेंडर शिक्षिका को सिर्फ उसकी पहचान के कारण तिरस्कृत किया जाता है. उन्होंने आगे कहा कि स्कूल प्रशासन को पहले से ही पता था कि शिक्षिका ट्रांसवुमन हैं और वह छात्रों के साथ महिला हॉस्टल में रह रही थीं. लेकिन जब उनकी पहचान सामने आई कि वह एक ट्रांसवुमन हैं, तो स्कूल प्रशासन ने उन्हें बर्खास्त कर दिया.

### कांग्रेस करती है तुष्टिकरण की राजनीति, चेहरा फिर हुआ बेनकाब : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा पीड़ितों ने 10 दिसंबर को दिल्ली में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये अराजकता फैलाने वालों के साथ बैठना पसंद करते हैं। इस मुलाकात पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति और कांग्रेस का यह चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। उन्हें हमास और फिलिस्तीन तो दिखता है, लेकिन बांग्लादेश में हिंदू नहीं दिखते। वे अराजकता फैलाने वालों के साथ बैठना पसंद करते हैं, लेकिन शांति को बढ़ावा देने के लिए कभी आगे नहीं आते। यह वही कांग्रेस है जो गलती से हिंदू है। मैं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से कहूंगा कि कुछ लोगों के संसद में चरण पडने़ से संसद की कार्यवाही ही बाधित हो गई। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सांसद अनुराग ठाकुर दिल्ली में हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि हर बूथ को मजबूत करें, ताकि दिल्ली की जनता की मांग को पूरा किया जा सके।

# शिक्षकों से पढ़ाई–लिखाई के अलावा दूसरे काम नहीं करा सकते

### गैर शैक्षणिक कार्य पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

प्रयागराज,इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षिका से चुनाव संबंधित कार्य लिए जाने के रामपुर के एसडीएम/ चुनाव पंजीकरण अधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने शिक्षिका का वेतन रोक जाने के आदेश पर भी रोक लगा दी है. साथ ही उसे नियमित वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया है. सहारनपुर की संयमी शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने दिया. याची के अधिवक्ता नवीन कुमार शर्मा का कहना था कि याची को एसडीम/ चुनाव पंजीकरण अधिकारी रामपुर मनिहारान ने चुनाव संबंधी विविध कार्यों में लगाया था. इसकी वजह से याची द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे थे. वह छात्रों को पढ़ाने का काम नहीं कर पा रही थी. बाद में एसडीएम ने 29 अक्टूबर 2024 के आदेश से याची का वेतन रोक दिया. अधिवक्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ द्वारा सुनीता शर्मा एडवोकेट की जनहित याचिका पर पारित फैसले का हवाला दिया. इस निर्णय में खंडपीठ ने कहा है कि शिक्षकों से शिक्षणेत्तर कार्य नहीं लिए जा सकते हैं. खंडपीठ ने अपने विस्तृत निर्णय में कहा है कि बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है यह उनके मौलिक अधिकार में शामिल है तथा अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की धारा 27 में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य नहीं लिया जा सकता है.

## एक नजर

### डीएम ने किया शौचालय धारकों को सम्मानित

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने जिला सभागार में हमारा शौचालय-हमारा सम्मान कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ठ सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत शौचालय धारकों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित व प्रोत्साहित किया। जिला परियोजना प्रबन्धक स्वजल के तत्वाधान में हमारा शौचालय-हमारा सम्मान कार्यक्रम के तहत विश्व शौचालय दिवस से मानवाधिकार दिवस शौचालयों के उपयोग के लिए अभियान भी डीएम के निर्देश पर चलाया गया। जिसके तहत जनपद स्तर पर 3 उत्कृष्ठ सार्वजनिक शौचालयों में ताछला नरेन्द्रनगर, तुणगी देवप्रयाग एवं सोनधार। जाखणीधार विकास खण्ड स्तर पर 7 उत्कृष्ठ सार्वजनिक शौचालयों में पाली भिंलगना, नवागर चम्बा, बुराड़ी जौनपुर, कोटी डागर, सिरवाडी कीर्तिनगर, थान नरेन्द्रनगर, ल्वारखा प्रतापनगर तथा जनपद स्तर पर स्वयं द्वारा निर्मित 4 उत्कृष्ठ व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों में चम्बा से गुल्डी के मनवर सिंह सजवाण, सौंड के मनमोहन व देवरी मल्ली की कला देवी सुयाल एवं भान नरेन्द्रनगर के सुनील सिंह को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीडीओ डा. अभिषेक त्रिपाठी, पीडी डीआरडीए पीएस चौहान, डीपीआरओ एमएम खान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### विधायक 17 दिसंबर को करेंगे विकास कामों की समीक्षा

नई टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने बताया कि टिहरी विधानसभा के विकास कार्यों की समीक्षा के लिए आगामी 17 दिसम्बर को जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें सड़क, पानी, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर मंथन किया जायेगा। बताया कि सड़कें पर्वतीय क्षेत्र की जीवन रेखा और स्वास्थ्य जीवन का आधार है। जिस पर सभी से बातचीत होना जरूरी है। इसके साथ ही शिक्षण संस्थाओं में यथा विश्व विद्यालय, विश्व विद्यालय परिसर, महाविद्यालय, हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कालेज, होटल मैनेजमेंट कालेज तथा आईटीआई की स्थिति और सुधारात्मक सुझाओं पर इसी दिन विचार किया जायेगा। विधायक ने आम लोगों व जनप्रतिनिधियों से इस सम्बंध में शिकायतें व सुझाव डीएम कार्यालय में प्रस्तुत करने की अपील की है। (एजेंसी)

### कांग्रेसियों ने हाउस टैक्स लगाने का किया विरोध

नई टिहरी : नगर पंचायत घनसाली की ओर से हाउस टैक्स लगाए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने विभागीय कार्यालय में धरना देकर विरोध दर्ज किया। बुधवार को कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष विनोद शाह, सामाजिक कार्यकर्ता विकास सेमवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने घनसाली में धरना दिया। कहा कि हाउस टैक्स लगाने का निर्णय सरासर गलत है। नगर पंचायत के गठन के समय सरकार ने आश्वासन दिया था कि गठन के 10 वर्ष के बाद ही टैक्स लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। 2016 में नगर पंचायत घनसाली अस्तित्व मे आई थी। लेकिन शासन-प्रशासन ने अभी से टैक्स लगाने शुरू कर दिया है। जबकि यहां मूलभूत सुविधाओं का टोटा बना हुआ है। सफाई, पेयजल, पार्किंग, पार्क, खेल मैदान सहित कोई भी सुविधा नगर पंचायत मुहैया नहीं करा रही है। विरोध करने वालों में पूर्व सभासद रीमा देवी, शशांक जोशी, विजय राणा, रोशन लाल शाह, राजेंद्र नाथ, हुकुम सिंह, करण भंडारी, संगीता, भगत, लक्ष्मी, प्रवीन, चंद्रमोहन, रेशमा, सरिता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### छात्राओं को लगाई सर्वाइकल कैंसर की दूसरी डोज

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब अलकनंदा वैली ने मंगलवार को सर्वाइकल कैंसर के बचाव को लेकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में 50 छात्रों को सर्वाइकल कैंसर की सेकंड डोज लगाई गई। जिसकी प्रथम डोज 6 माह पूर्व छात्रों को लगाई गई थी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डा. शुभम बंगवाल ने अलकनंदा वाली रोटी क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए सर्वाइकल कैंसर के बारे छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष अर्जुन सिंह गुसाई, प्रेम बल्लभ नैथानी, नवल किशोर जोशी, धनेश उनियाल, कृपाल सिंह पटवाल सुनील बरगी, बलदेव बिष्ट, हरविंदर सिंह नेगी, डॉ. अनुजा, डा. नेहा, अनीता, राजकुमारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कोटद्वार की अनदेखी पर रोष, उक्रांद ने शुरू किया आंदोलन

### मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिया धरना

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : प्रदेश सरकार पर शहर की अनदेखी का आरोप लगाते हुए उत्तराखंड क्रांति दल ने आंदोलन शुरू कर दिया है। कहा कि यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो उक्रांद जनआंदोलन को मजबूर होगा। शहरवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय सरंक्षक डा. शक्तिशैल कपरवाण के नेतृत्व में कार्यकर्ता देवी मंदिर चौराहे में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तत्पश्चात वे चौराहे में बने यात्रीशैड के नीचे धरने पर बैठ गए। उन्होंने शासन-प्रशासन पर कोटद्वार की घोर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि अभी तक मोटर नगर का न्यायिक समाधान न होने से मोटर अड्डे का निर्माण अधर में लटका हुआ है। बेस हास्पिटल में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है, डाक्टरों व दवाइयों के अभाव में मरीजों को बाहर रेफर किया जा रहा है। नगर निगम के वार्डों में स्ट्रीट लाइटें खराब हो रखी है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो रखे है। पानी की पाइप लाइने बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत तक नहीं हो पा रही है। जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। अतिक्रमण के कारण सड़कों में जाम की स्थिति बनी हुई है। आम लोगों को पैदल चलना भी दूभर हो रखा है। मंहगांई की मार से आम आदमी का जीना दूभर हो रखा है। बंदरों व आवारा कुत्तों ने आतंक फैला रखा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से कोटद्वार विधानसभा में व्यवस्थाओं को दुरस्त करने व ठप हो रखे विकास कार्यों को शुरू करवाने की मांग की है। इस मौके पर जगदीपक रावत, पितृशरण जोशी, सत्यप्रकाश भारद्वाज, राजाराम अण्थ्वाल, प्रवेश नवानी, सत्यपाल नेगी, जनार्दन प्रसाद ध्यानी, राजेंद्र पंत, कमलेश कुकरेती, प्रेम सिंह, शिशुपाल सिंह नेगी मौजूद रहे।



कोटद्वार के देवी रोड में प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना देते उक्रांद कार्यकर्ता

# ठंड का बढ़ने लगा प्रकोप, जलने लगे अलाव

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर में धीरे-धीरे ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। ऐसे में सड़क पर घूमने वालों के लिए नगर निगम ने रैन बसेरे के साथ ही अलाव की व्यवस्था भी कर दी है। नगर निगम की ओर से शहर में चार स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है।

दिसंबर का महीना आगे बढ़ने के साथ ही ठंड का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। सुबह व शाम की ठंड आमजन को परेशान करने लगी है।

ऐसे में सड़क पर घूमने वाले व्यक्तियों को गर्माहट मिलती रहें इसके लिए नगर निगम की ओर से अलाव व्यवस्था की गई है। वर्तमान में झंडाचौक, लालबत्ती चौराहा, बस स्टेशन व बेस अस्पताल परिसर में अलाव जलाए जा रहे हैं। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने बताया कि ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही बाजार व भाबर क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी अलाव जलाए जाएंगे। बताया कि रैन बसेरे के लिए हिंदू पंचायत धर्मशाला में दो हॉल किराए पर लिए गए हैं। रैन बसेरा में बीस जोड़ी बिस्तरों की व्यवस्था बनाई गई है। जरूरत पड़ने पर बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। ठंड के बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।


कोटद्वार के झंडाचौक में नगर निगम की ओर से जलाया गया अलाव

# डीएवी ने जीता हैंडबाल प्रतियोगिता का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी में चल रही अंतरमहाविद्यालयी हैंडबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डीएवी महाविद्यालय ने जीतकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सम्मनित किया गया।

बुधवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ गढ़वाल विश्वविद्यालय के सहायक निदेशक खेल विभाग डा. मोहित सिंह बिष्ट ने विधिवत उद्घाटन किया।

डीएवी ने बिड़ला परिसर को 25-10 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व डीएवी ने राठ महाविद्यालय पैठाणी को 9-5 से हराया। इस दौरान डा. मोहित सिंह बिष्ट ने कहा कि कम संसाधानों व विपरित मौसम के बाद भी कॉलेज ने इन खेलों को संपंन करवाया है। विशिष्ट अतिथि डीबीएस के डा. जेपी गुप्ता ने कहा कि खेलों के आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को भी मौका मिलता है। प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार नेगी ने कहा कि विकट परिस्थितियों में भी प्रतियोगिता सकुशल संपंन हुई है।

इस मौके पर डा. विनोद शर्मा, नितेश तोमर, आलोक नेगी, आयोजक राजकुमार पॉल, खेल सचिव डा. मंजीत सिंह भंडारी, उमेश चंद्र बंसल, प्रदीप कुमार, डा. मनोज कुमार, डा. अखिलेश कुमार सिंह, प्रियंका, शूरवीर सिंह, धीरेंद्र भंडारी आदि मौजूद रहे।

### शैक्षिक भ्रमण से छात्रों का होगा बौद्धिक विकास

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निसणी के 15 छात्रों के दल ने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय, बनास पैठाणी का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बच्चों में काफी उत्सुकता का माहौल देखने को मिला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं का बौद्धिक विकास होगा। शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में ऊर्जा, क्षमता व उत्साह बढ़ता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य डॉ. कुमार गौरव जैन ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रकाश फोंदणी ने सभी को ईमानदारी से शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक एवं पारंपरिक कोर्सों की जानकारी दी गई। कैरियर काउंसलिंग सेल के प्रभारी डा. सतवीर ने विस्तृत कैरियर परामर्श सत्र में जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, बॉटनी प्रयोगशाला आदि का भ्रमण करवाया गया।

# कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बांग्लादेश पर राजनैतिक दबाब बनाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्त्ता सिम्मलचौड़ स्थित चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां पर उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों व केंद्र सरकार की राजनैतिक विफलता के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की है। तत्पश्चात केंद्र सरकार के पुतले को आग के हवाले कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में बांग्लादेश अल्पसंख्यक हिंदुओं के नरसंहार के प्रमुख देश बन गया है, आए दिन हिंदुओं के साथ मारपीट व उनकी दुकानों व घरों से लूटपाट की जा रही है। हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को जलाया जा रहा है। गंभीर घटनाओं के बाद भी केंद्र सरकार बांग्लादेश पर राजनैतिक दबाव नहीं बना पा रही है, जो कि केंद्र सरकार के विफलता को दर्शाता है। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने 1971 में भारत पाक युद्ध में पाकिस्तान को करारी शिकस्त देने के बाद बांग्लादेश बनाया था। तत्कालीन समय में बांग्लादेश भारत का मित्र देश रहा। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर पौड़ी जनपद के प्रभारी जोत सिंह गुनसोला, प्रवीन रावत, बलवीर सिंह रावत, राजेंद्र शाह, रंजना रावत, सूरज प्रकाश, विजय नारायण सिंह, डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, धर्मपाल सिंह, विजय रावत, सोनिया नेगी, पूजा देवी, गुड्डू चौहान, धीरेंद्र बिष्ट मौजूद रहे।


सिम्मलचौड़ चौराहे पर केंद्र सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

# निगम चुनाव की तैयारी को एकजुट हो कार्यकर्ता व पदाधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कांग्रेस के चुनाव प्रभारी जोत सिंह गुनसोला ने कहा कि कुछ माह बाद होने वाले नगर निगम चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को एकजुट होना होगा। कहा कि धरातल पर संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है।

सिम्मलचौड़ स्थित बारात घर में कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। कांग्रेस चुनाव प्रभारी जोत सिंह गुनसोला ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं। कहा कि जन हितों को लेकर हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। घर-घर जाकर आमजन को सरकार की नाकामियों से अवगत करवाएं। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि चुनाव केवल एक प्रक्रिया नहीं बल्कि समाज में बदलाव का भी माध्यम है। कहा कि कार्यकर्त्ताओं को संगठन की शक्ति को पहचान कर मिलजुल कर काम करना चाहिए। एक जुटता व मेहनत के दम पर हम जनता का विश्वास जीत सकते हैं। इस मौके पर निर्वतमान मेयर हेमलता नेगी, जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, प्रवीन रावत, धीरेंद्र बिष्ट, विजय रावत, सुनीता बिष्ट, डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, विजय नारायण सिंह, महावीर रावत, बलवीर सिंह रावत, कृपाल सिंह, सूरज प्रसाद कांति, नईम अहमद, विपिन डोबरियाल, सोनिया नेगी, आशा चौहान, गुडडू चौहान, ओमप्रकाश, हिमांशु बहुखंडी, अंकुश घिल्डियाल मौजूद रहे।


सिम्मलचौड़ में आयोजित कार्यक्रम में चुनाव प्रभारी जोत सिंह गुनसोला का स्वागत करते पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

### नशामुक्ति को लेकर पंवार का अनशन जारी

नई टिहरी : उत्तराखण्ड को नशा मुक्त करने की मांग को लेकर बुधवार को पांचवें दिन भी राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार का अपने आवास पर अनशन जारी रहा। इस मौके पर पंवार ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखण्ड प्रदेश को बनाने के लिए अपनी जानें तक दांव पर लगाई। जिस सोच व युवाओं की भलाई के हमने प्रदेश का निर्माण किया था। आज प्रदेश की योजनायें व नीती उसके विपरीत नजर आ रही हैं। सरकार ने पूरे प्रदेश को नशे में झोंक दिया है। मुंडन, जन्म से लेकर शादियों जैस पवित्र कार्यों में शराब का बोलबाला देखने को मिल रहा है। शराब के लिए सरकार की बनाई नीतीयों से शराब माफिया तो फल-फूल रहे हैं। लेकिन युवा पीढ़ी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इस मौके पर लम्बगांव व्यापार मंडल के अध्यक्ष युद्धवीर राणा, कुंवर सिंह पंवार, चंद्र शैखर पैन्यूली, हरि प्रसाद डिमरी, धनपाल सिंह पंवार, जयेंद्र सिंह रांगड़, पूर्व सभासद सौरभ रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# एसडीएम कोर्ट के मामलों को तेजी से निपटाएं : डीएम

### डीएम ने किया सतपुली तहसील का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने बुधवार को तहसील सतपुली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड कीपिंग में लापरवाही बरतने पर डीएम ने एक कर्मचारी को प्रतिकूल वार्षिक प्रविष्टि व एक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। एसडीएम कोर्ट में धीमी गति से वादों का निस्तारण होने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए एसडीएम को कोर्ट के मामलों को तेजी से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए तहसील में सभी पंजीकाओं को व्यवस्थित रखना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि सभी तहसीलों में कार्मिकों की एनपीएस की रिपोर्ट के लिए अपर जिलाधिकारी व मुख्य कोषाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी। बुधवार को तहसील का निरीक्षण करते हुए डीएम ने रजिस्ट्रार कानूनगो कक्ष, नाजिर कक्ष, आपदा कंट्रोल रूम, राजस्व अभिलेखागार सहित मॉडर्न रिकॉर्ड रूम आदि का जायजा लिया। पत्रावलियों को सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप तैयार नहीं करने, व्यवस्थित व अपडेट नही रखने पर डीएम ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कविता भंडारी को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने, एनपीएस की कटौती नहीं करने व स्टॉक पंजिका अव्यवस्थित पाए जाने पर नायब नाजिर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सतपुली अनिल चंयाल, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, नायब तहसीलदार पूरन प्रकाश रावत, नाजिर गिरीश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

# आज 12 बजे तक बंद रहेंगी शहर की दुकानें

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को बाजार व भाबर क्षेत्र में प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया है। कहा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

बुधवार को जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से व्यापार मंडल सभागार में बैठक आयोजित की गई। मंडल के महामंत्री लाजपत राय भाटिया ने कहा कि बांग्लादेश में बहुसंख्यक हिंदू अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। चुन-चुन कर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए केंद्र सरकार को राजनैतिक दबाव बनाना चाहिए। कहा कि बांग्लादेश में हो रही घटनाओं के विरोध में व्यापारियों ने दोपहर 12 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान सभी व्यापारी हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्रित होकर बांग्लादेश के खिलाफ आंदोलन भी करेंगे। साथ ही राष्ट्रपति को भी पत्र भेजा जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, रवींद्र नेगी, विष्णु अग्रवाल, हरीश बहरानी, कैलाश अग्रवाल, नवीन गोयल, सुबोध कर्णवाल, सुनील गोयल आदि मौजूद रहे।

### कसमोली-आगराखाल थौल का आयोजन 13 दिसंबर से

नई टिहरी : जनपद के आगराखाल में तीन दिवसीय कसमोली आगराखाल थौल-2024 का आयोजन आगामी 13 दिसंबर से होगा। यह जानकारी देते हुए थौल समिति के सदस्य सुरेंद्र कंडारी ने बताया कि यह थौल जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग, व्यापार मंडल, पहाड़ी पैडलर्स, विंटर लाइन रिजोर्ट, आफ रोड कैंप, टिहरी फार्मस व मैती आंदोलन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आगामी 13 दिसंबर को एमटीवी साइकिल दल गंगा आरती के बाद रवाना होते हुए 14 दिसंबर को ऋषिकेश से कुंजापुरी-आगराखाल होते हुए कसमोली पहुंचेगा। इसी दिन वन मंत्री सुबोध उनियाल कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर एवं विभिन्न स्टालों का उद्घाटन करेंगे।

# पुलिस के खिलाफ जारी रहा ट्रक संचालकों का आंदोलन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : ओवरलोडिंग के नाम पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए ट्रक स्वामी, चालक व परिचालकों का पुलिस के खिलाफ धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने उत्पीड़न रोकने के लिए सिद्धबली के समीप धर्मकांटा लगाने की मांग उठाई।

ट्रक स्वामी, चालक व परिचालक तिलवाढांग चौकी के समीप टैंट डालकर आंदोलन में डटे रहे। ट्रक चालकों ने कहा कि पहाड़ जाने वाले उनके ट्रकों को ओवरलोड बताकर पुलिस रोक देती है। कहा कि वाहन ओवरलोड है या नहीं इसके जांच की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है। जबकि, ट्रक स्वामी कई बार पुलिस व प्रशासन से सिद्धबली के समीप धर्मकांटा लगवाने की मांग उठा चुके हैं। आरोप लगाया कि ओवरलोडिंग बताकर कार्रवाई न करने के नाम पर उनसे वसूली भी की जाती है। कहा कि जब तक उनके उत्पीड़न को रोकने के लिए योजना नहीं बनाई जाती उनका आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। इस दौरान चालकों की ओर से रोके गए ट्रकों को कुछ देर बाद पुलिस के हस्तक्षेप के बाद पहाड़ की ओर जाने दिया गया। इस मौके पर जितेंद्र बिष्ट, अजय रावत, संदीप नेगी, सुरेंद्र पटवाल, मातवर सिंह, सचिन बिष्ट, हिम्मत सिंह, महेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में पुलिस के खिलाफ धरना देते ट्रक संचालक

### दिनेश तड़ियाल बनें अध्यक्ष

आंदोलन को सफल बनाने के लिए ट्रक स्वामी, चालक व परिचालकों की ओर से सिद्धबली ट्रक यूनियन का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिनेश तड़ियाल, सचिव राजकुमार जोशी, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष सुशील रावत को दी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रक चालक व परिचालकों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि अभी वह पहाड़ जाने वाली किसी भी आवश्यक सप्लाई को बंद नहीं कर रहे। लेकिन, यदि उनकी समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो उन्हें सप्लाई रोकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# जीवन जीने का तरीका बताती है भगवत गीता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मालिनी वैली कॉलेज आफ एज्यूकेशन में गीता जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि कहा कि गीता जीवन जीने का तरीका सिखाती है।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बाल भारती स्कूल के संस्थापक गिरिराज सिंह रावत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि भगवत गीता में जीवन जीने का रहस्य है। युवाओं को अवश्य ही गीता का अध्ययन करना चाहिए। कालेज के अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत, चंद्र प्रकाश शर्मा व दलजीत सिंह ने कहा कि भगवत गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं यह जीवन जीने की अद्भुत कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को जीवन, धर्म, कर्म और आत्मा के सत्य के बारे में बताया था। गीता की शिक्षा आज भी मानव को दिशा दिखा रही है। कार्यक्रम में स्वेता रावत ने गीता के श्लोकों का वाचन किया। कालेज के एडिमिनिस्ट्रेटर गोविंद डंडरियाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह बिष्ट, प्राध्यापिका डा. संगीता नेगी, बीना रावत, डा. प्रभा खर्कवाल, नीलम बिष्ट, भूपेंद्र चौहान, धीरज रावत, डा. मंजू कप्रवाण, विपुल उनियाल, उषा रावत, कांति डंडरियाल, रघुवीर सिंह रावत, कपिल रतूड़ी, राकेश नैथानी आदि मौजूद रहे।


मालिनी वैली कालेज आफ एज्यूकेशन में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते अतिथि

# मशीनों का संचालन शुरू

नई टिहरी : नगर पालिका परिषद नई टिहरी ने कूड़ा प्रबंधन के लिए हल्द्वानी की उत्तरांचल ट्रेडर्स से खरीदी गई मशीनों के संचालन में लापरवाही पर फर्म के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पालिका का आरोप है कि फर्म ने 2022 से अब तक मशीनों का संचालन शुरू नही किया, जिससे कूड़ा सेग्रीगेशन का काम ठप हो गया है। पालिका ईओ संजय कुमार ने बताया कि जेम पोर्टल के जरिए दिसंबर 2021 में निविदा प्रक्रिया के तहत फर्म को होरिजेंटल कॉम्पैक्टर, ट्रोमल मशीन, ऑर्गेनिक वेस्ट कंपोस्टिंग मशीन सहित अन्य उपकरणों की आपूर्ति और संचालन का ठेका दिया गया था। फर्म ने अनुबंध शर्तों का पालन नहीं किया। पालिका ने फर्म को 35 .02 लाख रुपये का भुगतान भी किया है,

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **निविदा सं0 17/24-25 से निविदा सं0 23/24-25** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 19.12.2024 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 20.12.2024 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता,
वि0वि0 खण्ड, कोटद्वार

पत्रांक : 3287/विविखको/टी-6 दिनांक : 11.12.2024

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्व सम्मति से संस्था का नाम ''कुमाऊं सामाजिक सांस्कृतिक मैत्री समिति'' पता शिवराजपुर, मोटाढांग, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल रखा गया है। यदि किसी को भी समिति के नाम और पते से आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 10 दिन के अंदर उप निबंधक फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स कार्यालय पौड़ी में आपत्ति दर्ज करें।

**पुष्कर सिंह पंवार**
**सचिव**
**कुमाऊं सामाजिक सांस्कृतिक मैत्री समिति**

## एक नजर

### उफल्डा क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण न होने पर भड़के आप कार्यकर्ता

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर के अंतर्गत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उफल्डा की अनु बस्ती में कूड़ा निस्तारण न होने पर आक्रोश व्यक्त किया। आप के प्रदेश संगठन मंत्री गणेश भट्ट ने कहा कि इस क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है। जिस कारण लोग मजबूरी में नदी किनारे कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं। कहा कि अनु बस्ती उफल्डा में मौजूद रोड की बदहाल स्थिति के कारण ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है। कहा कि भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने बारी-बारी से कूड़ा, पेयजल आपूर्ति और सड़क के मुद्दे पर उफल्डा के लोगों को ठगने का काम किया है। नगर संयोजक आदित्य नेगी ने कहा कि नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी का मेयर बनते ही सबसे पहले उफल्डा अनुबस्ती में रोड निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा और अन्य समस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा। मौके पर आम आदमी पार्टी द्वारा नगर निगम श्रीनगर के प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर गारंटी पत्र वितरित किए गये। (एजेंसी)

### वाहनों की ओवरस्पीड पर लगेगी लगाम : डीएम

देहरादून। शहर में सड़क हादसों का रोकने के लिए सड़क सुरक्षा के काम तेजी से चल रहे हैं। डीएम सविन बसंल की निगरानी में काम हो रहे हैं। सड़क सुधारीकरण, स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग और डिवाइडर के काम चल रहे हैं। राजपुर रोड पर ओवर राइडिंग और सड़क क्रॉसिंग को देखते हुए डिवाइडर बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही साईं मंदिर रोड, मसूरी मैक्स अस्पताल और मसूरी रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, ताकि ओवरस्पीड वाहनों पर लगाम लग सके। उप जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी कुमकुम जोशी और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता जितेन्द्र त्रिपाठी स्वयं मौके उपस्थित होकर मानक के अनुरूप सड़क सुरक्षा कार्य करवा रहे हैं। शहर के विभिन्न स्थानों चौकों पर स्पीड ब्रेकर जेब्रा क्रॉसिंग और स्टॉप लाइन किया जा रहा है।घंटाघर पर बनाए गए स्पीड ब्रेकरों पर सवाल उठ रहे हैं। यहां स्पीड ब्रेकर बनने के बाद से लगातार हादसे हो रहे हैं। लोगों को स्पीड ब्रेकर का पता नहीं चल पा रहा है। दोपहिया वाहन स्पीड ब्रेकर से गिर रहे हैं। जिस कारण दोपहिया वाहन सवार चोटिल हो रहे हैं। सोमवार यहां पर बाइक सवार बच्चे को भी चोटें आई हैं।

### रोडवेज कर्मचारियों ने की ईपीएफ अंशदान में सुधार की मांग

देहरादून। उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश महामंत्री दिनेश पंत ने वित्त नियंत्रक को पत्र लिखकर ईपीएफ अंशदान की सुधार की मांग की है। उन्होंने कर्मचारियों के मूल वेतन और महंगाई भत्ता के आधार पर 12 प्रतिशत ईपीएफ कटौती की व्यवस्था लागू करने की मांग की है। पत्र में बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध उपबंध अधिनियम–1952 और संबंधित ईपीएफ योजना–1952 के तहत नियोक्ता पर यह कानूनी बाध्यता है कि ईपीएफ अंशदान हायर वेजेज के आधार पर किया जाए। वर्तमान में रोडवेज प्रबंधन की ओर से ईपीएफ अंशदान की गणना 15000 की सीमा पर आधारित की जा रही है, जो कि अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने ईपीएफ अंशदान में सुधार कर नियमानुसार कटौती की मांग की है।

### छात्र और अभिभावकों को दी अपार आईडी की जानकारी

देहरादून। राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ में बुधवार को मेगा अपार दिवस मनाया गया। जिसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों को उनके बच्चों की अपार आईडी उपलब्ध कराई गई तथा विद्यालय विकास से संबंधित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक अरविन्द सिंह सोलंकी ने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुसार ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक अरविन्द सिंह सोलंकी ने अभिभावकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में बनाई जा रही अपार आईडी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपार आईडी प्रत्येक छात्र–छात्रा के लिये एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसमें संबंधित छात्र–छात्रा की सम्पूर्ण शैक्षणिक यात्रा का रिकॉर्ड संजोया जायेगा, जिसे एक क्लिक पर कहीं भी देखा जा सकेगा। साथ ही इसे डिजिलॉकर में भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ के 103 पंजीकृत छात्र–छात्राओं में से 93 छात्र–छात्राओं की अपार आईडी मेगा अपार दिवस पर उनके अभिभावकों को उपलब्ध करा दी गई है।

# लोक कलाकारों के नाम रही महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या

### गीत कन जमानु एगे मॉर्डन जमानु को दर्शकों ने सराहा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या संस्कृति विभाग देहरादून के सांस्कृतिक दल संदेश कला सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के कलाकारों की नाम रही। सांस्कृतिक दल के संजय सिंह रावत ने स्वरचित गीतों के माध्यम दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व आईएस सुंदर लाल मुयाल, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने महोत्सव के आयोजन को लेकर व्यापार सभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि पौड़ी में सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां होती रहनी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने आयोजन में एक साथ मिलकर सभी से सहयोग की अपील की। संजय सिंह ने उत्तराखंड के संस्कृति के अनुरूप और वर्तमान में सांस्कृतिक गीतों में पश्चिमी संगीत के मिश्रण से बेडू पाको बारामासा रीमिक्स का बेहतरीन प्रदर्शन कर खूब ताली बटोरी। उनके गीत कन जमानु एगे मॉर्डन जमानु दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया। राजेंद्र रौथाण और शिवांगी घिल्डियाल ने पारंपरिक लोकगाथा पर गाए लोक गीत ए जाणु रुक्मा मेरा मलेथा की बेहतरीन प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने गढ़वाली और कुमाउनी नृत्य भी प्रस्तुत किए। संगीत पक्ष में कीबोर्ड पर दीपक पंवार, ढोलक पर पुनीत थापा, तबले पर सुधांशु बिष्ट, ऑक्टोपैड पर आयुष, हुड़के पर ऋषि ध्यानी और हारमोनियम पर राजेंद्र रौथान ने संगत दी। नृत्य पक्ष में अजेश डबराल, रोहित सिड़, मोहित चंद्र, प्रियंका, निकिता और मोनिका शामिल रही। इस मौके पर व्यापार सभा के अध्यक्ष विनय शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण असवाल, सचिव देवेंद्र रावत, सांस्कृतिक संयोजक मनोज रावत, प्रवीण नेगी, पारस नेगी, अरविंद रावत, अनूप कंडारी, देवेंद्र साहू, पारस नेगी, संजय वर्मा, राहत हुसैन आदि मौजूद थे।

#### जयगढ़ कंडोलिया कीर्तन मंडली रही पहले स्थान पर

पौड़ी महोत्सव में कीर्तन मंडलियों की प्रतियोगिता में शहर की 8 टीमों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। कीर्तन मंडल प्रतियोगिता में जयगढ़ कंडोलिया कीर्तन मंडली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कैरम प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर खूब दमखम दिखाया। महोत्सव के दूसरे दिन कीर्तन–भजन प्रतियोगिता में जयगढ़ कंडोलिया कीर्तन मंडली पौड़ी गांव ने पहला, सरस्वती कीर्तन मंडली लोअर चोपड़ा ने दूसरा व श्री राधाकृष्ण कीर्तन मंडली न्यू विकास कालोनी ने तीसरा स्थान पाया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व पालिकाध्यक्ष गणेश नेगी व आह्वान संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल ने किया।

# अंडर-17 जनपदीय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कोट बना चैंपियन

**जयन्त प्रतिनिधि।**



पौड़ी : जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड कोट के ऐतिहासिक खेल मैदान में आयोजित अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कोट एवं दुगड्डा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में कोट ने दुगड्डा को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में जिले की 6 टीमों ने प्रतिभाग किया।समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी की मौजूदगी रही। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विजेता और उपविजेता टीम को बधाई देते हुए भविष्य में और अच्छा खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और जो उपविजेता टीम हैं उनको निराश न होकर के अगली बार के लिए और मेहनत करने को कहा, ताकि वह भी भविष्य में विजेता बन सकें। इस अवसर पर कोट ब्लॉक के पूर्व प्रमुख पूर्णिमा नेगी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर आर्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान, समाजिक कार्यकर्ता आलोक चारु सहित भारी संख्या में खेल प्रेमियों की मौजूदगी रही।

# कांग्रेस ने की पुलिस लाइन घटनाक्रम की जांच की मांग

### – दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

देहरादून। कांग्रेस ने बुधवार को पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन सौंप पुलिस लाइन में पिछले दिनों हुए घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। घटना को साजिश करार देते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस संगठन उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी दीपम सेठ को सौंपे ज्ञापन में कहा कि चार दिसंबर को कांग्रेस के सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस नेताओं, कार्यकर्ताओं को पुलिस लाइन लेकर आई। हमेशा से ऐसा ही होता आया है। उस दौरान पुलिस लाइन में अन्य कोई मौजूद नहीं रहता था, सिवाय पुलिस और कांग्रेसियों के। इस बार पुलिस ने ये जानकारी होने के बावजूद कि पुलिस लाइन में मीडिया कर्मियों का कार्यक्रम चल रहा है, कांग्रेसियों को पुलिस लाइन लाया गया। कहा कि मीडिया कर्मियों को कांग्रेसियों के आने और कांग्रेसियों को मीडिया कर्मियों के कार्यक्रम की कोई पूर्व सूचना नहीं थी। इस गलतफहमी में मीडिया कर्मियों को लगा कि कांग्रेसी उनका विरोध करने आए हैं। इसी गलतफहमी में ये घटना हुई, इसके लिए सीधे तौर पर पुलिस अधिकारी जिम्मेदार हैं। कहा कि ये घटना सिर्फ लापरवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जानबूझ कर किए गए किसी षडयंत्र से भी इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि कांग्रेसियों को पुलिस लाइन लाने के बाद मौके पर न कोई पुलिस अधिकारी और न ही पुलिस कर्मचारी मौजूद रहा।

### डीएम ने किया सोलर पंपिग योजना का निरीक्षण

नई टिहरी : बुधवार को डीएम मयूर दीक्षित ने ब्लाक चंबा के राजस्व ग्राम गुल्डी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत सोलर पंपिंग पेयजल योजना का निरीक्षण किया। पेयजल निगम चम्बा के निर्मित इस पेयजल टैंक की जलाशय क्षमता 30 केएल है। जिससे लगभग 40 परिवारों को पेयजल आपूर्ति की होगी। डीएम ने निरीक्षण के दौरान योजना के तहत विद्युत उत्पादन क्षमता, सोलर पम्प संचालन व प्रबन्धन की जानकारी भी ली। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को प्राकृतिक जल स्त्रोत पर टैंक भरने के बाद अनावश्यक बह रहे जल को संरक्षित करने के लिए छोटा टैंक बनाने को कहा। ताकि शेष जल का उपयोग पशुओं एवं सिंचाई के कार्यों के लिए किया जाय। इस मौके ईई पेयजल निगम चम्बा केएन सेमवाल, परमजीत सजवाण, वीर सिंह सजवाण, प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र चौहान, आंगनवाड़ी कार्यकत्री प्रेमा सजवाण, भोजन माता सरिता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना जरूरी : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) तथा राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) के द्वारा समर्थित जिले के कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के कार्यों एवं उपलब्धियों को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक हुई। जिसमें केंद्र पोषित योजनाओं के तहत कृषक उत्पादक संगठनों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कृषि उत्पादक संगठनों को ऑनलाइन प्लेटफार्म व डिजीटल तकनीकों का इस्तेमाल कर उत्पादों की ब्रांडिंग व मार्केटिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने प्रदर्शन में सुधार लाकर सदस्यों की संख्या एवं कारोबार को बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दें। तभी यह संगठन आत्मनिर्भर बन सकेंगे और किसानों को अधिक लाभ प्रदान करने में सक्षम हो सकेंगें।जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाना आवश्यक है। उन्होंने जिले में संचालित कृषक उत्पादक संगठनों के संचालकों को निर्देशित किया कि कृषि एवं बागवानी उत्पादन बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करते हुए एक माह के भीतर मुख्य कृषि अधिकारी को उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि कृषि उत्पादक संगठनों के साथ बैठक करते हुए रेखीय विभागों के माध्यम से संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दी जाए। कहा कि उत्पादकता बढ़ाने पर विशेष फोकस रहे। इससे कृषि उत्पादक संगठनों को अधिक फायदा होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को न्यूनतम कीमतों पर खाद, बीज, रसायन और अन्य कृषि निवेशों की सुविधा मिले और उनके उत्पादों का अधिकाधिक मूल्य प्राप्त हो। इसके लिए एफपीओ को विपणन की कारगर रणनीति तय करनी होगी। किसानों को खेती-बागवानी में नए तौर-तरीकों व तकनीकों की जानकारी व बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए लाभांश का वितरण करने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, सहायक परियोजना अधिकारी केके पंत, मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, डीडीएम नाबार्ड श्रयांश जोशी, एलडीएम डीएस गर्ब्याल सहित सभी एफपीओ के संचालक सहित रेखीय विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# भवन मानचित्र के आवेदनों का समय पर करें निस्तारण

### जिलाधिकारी ने की जिला विकास प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण गोपेश्वर-चमोली की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें वर्तमान समय तक भवन निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों, स्वीकृति तथा अवशेष आवेदनों के निस्तारण, अवैध निर्माण और एसडीएम न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत किए बिना प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए। सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण को शुरुआत में ही रोका जाए और अवैध निर्माण को हटाया जाए। प्राधिकरण से स्वीकृत पार्किंग निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। भवन मानचित्र को लेकर प्राधिकरण में जो भी आवेदन प्राप्त होते है, उन्हें निर्धारित समय से स्वीकृत करें। संयुक्त सचिव/उप जिलाधिकारी के न्यायालयों में उत्तराखंड ग्राम एवं नगर नियोजन के अंतर्गत लंबित वादों का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए। प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत सड़क किनारे और नालियों में रखे निर्माण सामग्री के खिलाफ चालन की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राधिकरण की धनराशि से जनता के हित में नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न अवस्थापना सुधार, सौन्दर्यीकरण आदि के प्रस्ताव शामिल किए जाए।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण के अंतर्गत ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से चमोली गोपेश्वर मोटर मार्ग पर शहीद पार्क बैंड के नीचे पार्किंग, चमोली बाजार, पोखरी बैंड, गैस गोदाम, पपडियाणा, अभियोजन परिसर, गोविन्द घाट, जोशीमठ, पोखरी विशाल खाल जंक्शन, पोखरी गोदीबैंड, पोखरी में लोनिवि कार्यालय के समीप और उत्तराखंड पेयजल निगम को गौचर में बहुमंजिला पार्किंग निर्माण हेतु धनराशि आवंटित की गई है। इस वित्तीय वर्ष 2024 में जिला विकास प्राधिकरण को 143 मानचित्रों के आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 88 आवासीय भवन और 55 अनावासीय भवन के थे। इसमें से 60 आवासीय और 30 अनावासीय परमिट जारी किए जा चुके है। जबकि 18 प्रक्रिया में, 07 आपत्ति में और 28 अस्वीकृत किए गए है। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एलपी भट्ट, प्राधिकरण सहायक राकेश नेगी सहित वर्चुअल माध्यम से सभी एसडीएम और प्राधिकरण के कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

### सात स्थानों पर अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था शुरू

रुद्रप्रयाग : बीते कुछ दिनों से बढ़ती ठंड को देखते हुए अब नगर पालिका रुद्रप्रयाग ने नगर के 7 स्थानों पर अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था शुरू कर दी है। अलग-अलग जगहों पर जल रहे अलाव से लोगों को राहत मिली है। नगर में सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी हो रही है। ठिठुरन भरी सर्दी के नगर पालिका ने स्थानीय लोगों के साथ ही व्यापारी एवं राहगीरों को बड़ी राहत दी है। प्रशासन के निर्देशों पर पालिका ने नगर के 7 स्थानों पर सुबह-शाम अलाव जलाने की व्यवस्था की है। अलाव जलते ही जहां बड़ी संख्या में व्यापारी, स्थानीय जनता, यात्री एवं राहगीर ठंड से राहत पा रहे हैं वहीं मवेशी भी अलाव के सहारे ठंड दूर करने के लिए अलाव के पास जमा हो रहे हैं।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील राणा ने बताया कि बीते कुछ दिनों से नगर में ठंड बढ़ गई है ऐसे में उप जिलाधिकारी के निर्देशों पर नगर में 7 स्थानों पर अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था कर दी गई है।

# आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए अच्छी खबर , मरीजों की सीटी स्कैन–एमआरआई जांच से रोक हटी

देहरादून। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए अच्छी खबर है। उत्तराखंड के दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आयुष्मान कार्ड योजना के तहत मेडिसिन को छोड़कर अन्य विभागों में भर्ती होने वाले मरीजों की महंगी एमआरआई एवं सीटी स्कैन जांच पर लगी रोक हटा ली गई है। आयुष्मान सोसाइटी एवं दून अस्पताल के अफसरों के बीच हुई बैठक में इस मुद्दे का हल निकल गया है। सोसाइटी के अफसरों ने योजना के बारे में स्पष्ट तरीके से बता दिया। साढ़े चार हजार केस रिजेक्ट होने और साढ़े पांच करोड रुपये डूबने पर अस्पताल के अधिकारी, डॉक्टर करीब एक महीने से नियमों के फेर में उलझे हुए थे और मरीजों की जांचें बंद कर दी थीं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव डॉ. आर राजेश कुमार, निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना तक ने इसमें अस्पताल के अफसरों को जल्द मरीजों की समस्या का निस्तारण को निर्देशित किया था।

**आपत्तियां निस्तारित कर दो, मिल जाएंगे साढ़े पांच करोड़**

डॉक्टरों की कोताही पर सोसाइटी अफसरों ने कोई राहत नहीं दी। अस्पताल की जो फाइलें रिजेक्ट हुई हैं, सोसाइटी के अफसरों ने स्पष्ट कर दिया है कि आपत्तियों को निस्तारित कर दिया जाए। उसके बाद साढ़े पांच करोड़ रुपये दे दिए जाएंगे। अब मुसीबत ये हैं कि ओटी नोट्स तो पूरे हो जाएंगे, लेकिन मरीजों के बेड साइट फोटो कहां से लाएंगे?

**पैकेज से अलग केस का अप्रूवल भी खुला**

पैकेज के अलावा केस के लिए अप्रूवल नोडल के पत्र से मिल जाएगा। पूर्व में ऐसे केसों पर रोक लग गई थी और ऑथी, न्यूरो, आंको, कॉर्डियोलॉजी आदि के मरीज परेशान थे।

# आजीविका संवर्धन के लिए बेहतर कार्य करने का लिया संकल्प



नई टिहरी : सहकार भारती उत्तराखंड से जुड़ी महिलाओं ने बुधवार को यहां बौराड़ी में आयोजित बैठक में समूह को आगे बढ़ाने और आजीविका संवर्धन के लिए बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। संगठन के प्रदेश मंत्री अवंतिका भंडारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महिला स्वयं सहायता समूहों को समृद्ध करने, सरकार की ओर से आयोजित योजनाओं का लाभ लेने और स्वच्छता सहित अन्य कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि एनआरएलएम सहित विभिन्न विभागों में स्वयं सहायता समूहों को आजीविका संवर्धन के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव में महिलाएं इनसे अनभिज्ञ हैं। ऐसे में सहकार भारती उत्तराखंड इस संबंध में पैरवी कर उनके लिए प्लेटफार्म भी तैयार करेगा। इस मौके पर वीरांगना समूह की अध्यक्ष अंजू भट्ट, सचिव पुष्पा घिल्डियाल, मंजू रावत, उषा रावत, आशा रावत, कविता, अंजलि, अंशुल आनंद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भाजपा कार्यकर्ताओं संग मंत्री जोशी ने देखी फिल्म साबरमती रिपोर्ट

देहरादून। कैबिनेट गणेश जोशी ने बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं संग सेंट्रियो मॉल में द साबरमती रिपोर्ट फिल्म का अवलोकन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि द साबरमती रिपोर्ट 2002 के गोधरा कांड के वास्तविक सच को देश के सामने लाती है। यह फिल्म दशकों तक गोधरा के बारे में प्रचारित भ्रामक नैरेटिव का पर्दाफाश करती है। हर देशवासी को यह फिल्म देखकर गोधरा का सच जानने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किए गए षडयंत्र के सत्य को उजागर करने के लिए फिल्म के निर्देशक, निर्माता तथा सभी कलाकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# उद्योगों की शिकायतों का समय पर करें निराकरण : डीएम

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय उद्योग मित्र व जिला स्वरोजगार प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को उद्योगों को अनुकूल माहौल देने के निर्देश दिए। उद्योगों को बिजली, पानी, सड़क और स्वच्छता की शिकायतों का तय समय में निदान करने को भी निर्देशित किया।जिला सभागार में आयोजित बैठक में मिनी औद्योगिक आस्थान सरोठ एवं लक्षमोली की अद्यतन स्थिति, एमएसएमई नीति, पीएम विश्वकर्मा योजना, सिंगल विन्डो, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम नीति, जिला स्वरोजगार प्रोत्साहन एवं अनुश्रवण समिति पर चर्चा के दौरान उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निदान को कहा। डीएम ने ईओ नगर पालिका मुनिकीरेती को औद्योगिक क्षेत्र ढालवाला का निरीक्षण कर सड़क, पेयजल लाइन, विद्युत पोल, जाम आदि का समाधान को लेकर उद्यमियों एवं सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान को कहा। डीएम ने होमस्टे निर्माण में मानकों का पूरा ध्यान रखने को कहा। मैसर्स होटल डिवाइन आगराखाल में पानी की समस्या को लेकर संतोषजनक जबाव न मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। तपोवन क्षेत्र के तहत पार्किंग स्थल पर विद्युत पोल हटाने के सम्बन्ध में ईई विद्युत ने बताया कि क्षेत्र में एडीबी के तहत अंडरग्राउंडिंग का काम चल रहा है, जिसके तहत यह कार्य कर लिया जायेगा। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र एचसी हटवाल ने सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम नीति 2015 के तहत 51 इकाइयों के 1 करोड़ 77 लाख से अधिक के ब्याज उपादान के दावे तथा 21 इकाइयों के 1 करोड़ 56 लाख से अधिक के विद्युत उपादान के दावे सैद्धांतिक स्वीकृति को समिति के सम्मुख रखने की जानकारी दी। बताया कि औद्योगिक आस्थान लक्षमोली, सरोट एवं ढालवाला में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के तहत भूमि आवंटन किया जाना है। जिसकी साइट देहरादून से बंद है। साइट खुलवाने को लेकर डीएम ने सम्बंधितों को पत्र लिखने को कहा। बैठक में सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, पीडी डीआरडीए पीएस चौहान, एलडीएम मनीष मिश्रा, ईई अमित आनन्द, डीपीआरओ एमएम खान, श्रम अधिकारी आईशा, डीओ फूड प्रमोद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के कार्यों को तेजी से पूर्ण करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए और जो कार्य पूर्ण हो गए है, उसकी रिपोर्ट नाबार्ड को उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में अगली किस्त की धनराशि नाबार्ड से अवमुक्त की जानी शेष है उसके लिए भी नाबार्ड के अधिकारियों से संपर्क किया जाए।

डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि चमोली जनपद में पेयजल, सिंचाई, सड़क, शिक्षा, कृषि, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों के माध्यम से 176.65 करोड़ की लागत से 90 परियोजनाओं के कार्य स्वीकृत है। जिसमें से विभागों ने अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिए है, लेकिन कतिपय कार्य पूर्ण होने की रिपोर्ट अभी तक नाबार्ड को नहीं दी गई है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अंतर्गत नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित सभी परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, सहायक परियोजना अधिकारी केके पंत, मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, सहायक अभियंता एलपी भट्ट, डीडीएम नाबार्ड श्रयांश जोशी, एलडीएम डीएस गर्ब्याल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# उत्तराखंड के 30 नगर निकायों में ओबीसी वर्ग को मिलेगा मेयर और अध्यक्ष बनने का मौका

देहरादून। उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव के लिए सरकार के अध्यादेश को राजभवन की मंजूरी मिलने के बाद ओबीसी आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एकल सदस्य वाले आयोग के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त न्यायाधीश बीएस वर्मा ने सरकार को इससे जुड़ी रिपोर्ट सौंप दी है। इसमें 30 नगर निकायों में अध्यक्ष और मेयर पद पर ओबीसी के लिए आरक्षण तय किया गया है। पदों में हुए बदलावः एकल सदस्य समर्पित आयोग की रिपोर्ट के अनुसार नगर निगम में मेयर, नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पदों पर बदलाव किया गया है। ग्यारह नगर निगमों में अनुसूचित जाति के लिए एक पद एवं सामान्य वर्ग के लिए आठ और ओबीसी के लिए दो पद निर्धारित किए गए। जबकि 45 नगर पालिका में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए छह पद, अनुसूचित जन जाति वर्ग के लिए एक पद, सामान्य वर्ग के लिए 25 और ओबीसी वर्ग के लिए 13 पद निर्धारित किए गए हैं। 46 नगर पंचायतों में छह पद अनुसूचित जाति, एक पद अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग के लिए 24 पद और 15 पद ओबीसी के लिए निर्धारित किए गए हैं। ओबीसी वर्ग को मिलेगा अधिक मौका : आयोग की संस्तुतियों पर आरक्षण तय किया गया तो नगर निकायों की राजनीति में ओबीसी समाज का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, जो उत्तराखंड की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति को नई दिशा देने में सक्षम हो सकता है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com